हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार, 22 फरवरी 2025



### नगरीय निकाय के बाद त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के पहले दो चरण में भी भाजपा का शानदार प्रदर्शन, अधिकांश सीटें जीती

# केसीजी जिला जीते, एमएमसी-राजनांदगांव जिलों में जीत के लिए भाजपा को एक-एक जिला पंचायत सीट की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दो चरण निपटने के बाद ग्रामीण सरकार की तस्वीर लगभग साफ होती नजर आ रही है, जहां खैरागढ़ जिले में जिला पंचायत की 10 में से छह सीट जीतकर भाजपा का अध्यक्ष बनना तय हो गया है। वहीं राजनांदगांव और मोहला-मानपुर जिले में भी पहले दो चरण में ही अधिक सीटें जीतकर भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने के बेहद करीब पहुंच गई है। राजनांदगांव जिले में जहां दो चरण की 7 में से 6 सीटों में भाजपा को जीत मिली है। वहीं मोहला-मानपुर जिले की 6 में से पांच में भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते हैं।

इतना ही नहीं पहले दो चरण के छह जनपद में भी केवल मानपुर में ही कांग्रेस के अधिक सदस्य जीतकर आए हैं। शेष सभी पांच राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान, मोहला और छुरिया जनपद में भाजपा समर्थित अध्यक्ष ही कमान संभालता नजर आएगा।

इधर कल होने वाले तीसरे एवं अंतिम चरण के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत राजनांदगांव जिले की चार एवं मोहला-मानपुर जिले की तीन जिला पंचायत सीटों को लेकर मतदान कराया जाएगा। इसके अलावा अंबागढ़ चौकी, डोंगरगांव और डोंगरगढ़ जनपद सदस्यों के लिए भी वोटिंग होगी। इन जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में पंच-सरपंच के पदों को लेकर भी मतदान कराया जाएगा।



**खैरागढ़ जिला**


दिनेश लाल वर्मा
क्षेत्र क्र. 6, पांडादाह


अरूणा सिंह
क्षेत्र क्र. 7, मुढ़ीपार


जमुना कुर्रे
क्षेत्र क्र. 8, बजार अतरिया


शताक्षी सिंह
क्षेत्र क्र. 9, जालबांधा


भुनेश्वरी देवांगन
क्षेत्र क्र. 10, ठेलकाडीह

**राजनांदगांव जिला**


बीरम बाई
क्षेत्र क्र. 11, बम्हनी


किरण रविन्द्र वैष्णव
क्षेत्र क्र. 12, गैंदाटोला


गोपाल भुआर्य
क्षेत्र क्र. 13, कुमरदा

**एमएमसी जिला**


नरसिंह भंडारी
क्षेत्र क्र. 5, वासड़ी


नम्रता सिंह
क्षेत्र क्र. 6, मोहला


लखन कलामे
क्षेत्र क्र. 7, गोटाटोला

### खास बातें

- खैरागढ़ में जिला पंचायत की 10, राजनांदगांव में 13 और मोहला-मानपुर जिले में दस सीटें
- भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के साथ ही भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ रहे नेताओं को मिल रही जीत



### जनपद में भी जोरदार प्रदर्शन

जिला पंचायत के अलावा जनपद पंचायत सदस्यों के चुनाव में भी भाजपा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। राजनांदगांव जनपद की 25 में से 18, छुरिया जनपद की 25 में से 15, छुईखदान जनपद के 25 में से 16, खैरागढ़ जनपद की 25 में से 16, मोहला जनपद की 15 में से 9 सीटें भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीती है। वहीं केवल मानपुर में ही 25 जनपद सदस्य में 14 कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जीते हैं। ऐसे में मानपुर में ही कांग्रेस का जनपद अध्यक्ष बनेगा, शेष सभी पांच जनपद में भाजपा समर्थित अध्यक्ष बनेगा।

### राजनांदगांव में बढ़त में भाजपा

बाकी दो जिलों के तरह ही राजनांदगांव जिले में भी जिला पंचायत चुनाव में भाजपा का दबदबा देखने को मिल रहा है। यहां की 13 में से 7 सीटों पर पहले दो चरण के तहत चुनाव कराए जा चुके हैं। इनमें छह में भाजपा और केवल एक टेड़ेसरा में कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लड़ने वाले अंगेश्वर देशमुख को जीत मिली है। भाजपा से पटेवा में किरण विनोद बारले, लिटिया में शीला ताकेश सिन्हा, सिंघोला से देवकुमारी साहू, गैंदाटोला से किरण वैष्णव, बम्हनी चारभांठा से बीरमबाई और कुमर्दा से गोपाल भुआर्य ने जीत हासिल की है।

### खैरागढ़ में छह महिलाएं जीती

खैरागढ़ जिले की दस में से 6 सीटें भाजपा ने जीत ली है। भाजपा समर्थित में बाजार अतरिया से जमुना कुर्रे, कटंगी से प्रियंका खम्मन ताम्रकार, भुरभुसी से विक्रांत सिंह, उदयपुर से ललित चोपड़ा, पांडादाह से दिनेश वर्मा और ठेलकाडीह से भुनेश्वरी देवांगन ने चुनाव जीते हैं। वहीं कांग्रेस के खाते में केवल पैलीमेटा सीट आई है, जहां से निर्मला वर्मा चुनाव जीती है। साल्हेवारा से हेमलता भंडारी, मुढ़ीपार से आसरा राजू साहू और जालबांधा से शताक्षी सिंह ने निर्दलीय चुनाव जीते हैं।

### एमएमसी में महज एक जीत की जरूरत

मोहला-मानपुर जिले की 10 में से छह सीटों का चुनाव पहले दो चरण में हो गया है। इनमें भाजपा समर्थित पांच को जीत मिली है। इनमें वासड़ी से नरसिंह भंडारी, मोहला से नम्रता सिंह, गैंदाटोला से लखन, औंधी से भोजेश शाह और खड़गांव से रेखा कोठारी शामिल हैं। वहीं केवल मानपुर में कांग्रेस समर्थित सुशीला भंडारी को जीत मिली है। अब शेष चार सीटों पर कल चुनाव होने हैं। इनमें एक सीट जीतकर भाजपा अपना अध्यक्ष पद भी सुनिश्चित कर लेगी।

## भाजपा ने रणनीति के साथ की मोर्चाबंदी कांग्रेस विधायकों के 'गढ़' में लगी सेंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत के दो चरणों के जो रिजल्ट सामने आ रहे हैं, उससे भाजपा की एक तगड़ी रणनीति साफतौर पर दिखाई दे रही है। भाजपा ने कांग्रेस विधायकों के गढ़ में सेंध लगाकर कांग्रेस को पस्त कर दिया है।

खैरागढ़ की विधायक यशोदा वर्मा के क्षेत्र में भाजपा ने दस में छह सीट पर काबिज होने में सफलता हासिल कर ली है। यहां कांग्रेस के खाते में सिर्फ एक सीट ही मिली है। वही हाल खुज्जी के विधायक भोलाराम साहू के क्षेत्र का है। गुरुवार को हुए यहां तीन सीटों के चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी है। यहां तीन सीटों में भाजपा को जीत हासिल हुई है। यही हाल एमएमसी जिले का है। यहां दो बार के कांग्रेस विधायक इंद्रशाह मंडावी के गढ़ में भी भाजपा ने सेंध लगा दी है। यहां दो चरणों में छह सीट के लिए चुनाव हुए हैं। जिसमें भाजपा को पांच और कांग्रेस को सिर्फ एक सीट ही मिली है। कांग्रेस विधायकों की पसंद से ही सभी सीटों पर प्रत्याशियों को अधिकृत किया गया था, लेकिन जो परिणाम सामने आए हैं, उससे यह साफ हो रहा है कि विधायकों ने जीतने वाले की बजाय चेहरा देखकर प्रत्याशियों को अधिकृत कराने में ज्यादा रूचि दिखाई है।

### आज बटेंगी मतदान सामग्री, कल मतदान

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम एवं तीसरे चरण के मतदान के लिए आज पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। अविभाजित जिले के डोंगरगांव, डोंगरगढ़ और अंबागढ़ चौकी जनपद में अंतिम चरण के तहत चुनाव कराए जाने हैं। आज मतदान सामग्री वितरण के बाद कल इन जनपद में वोटिंग कराई जाएगी।


## श्री शिवम – 22 वर्षों का विश्वास, आपका साथ, हमारी पहचान!

आज का यह विशेष अवसर हमारे लिए सिर्फ एक सालगिरह नहीं, बल्कि आपके प्रेम, समर्थन और विश्वास का उत्सव है। श्री शिवम को 22 वर्षों की इस खूबसूरत यात्रा में आगे बढ़ाने का श्रेय आपको जाता है। आपकी पसंद, आपकी निष्ठा और आपकी प्रेरणा ने हमें भारत के सबसे विश्वसनीय फैशन ब्रांड्स में से एक बनने में मदद की। 22 साल पहले, श्री शिवम की नींव एक उद्देश्य के साथ रखी गई – हर भारतीय को बेहतरीन फैशन और गुणवत्ता का अनुभव देना। यह सिर्फ एक स्टोर नहीं, बल्कि परंपरा और भरोसे का प्रतीक बन गया।

### आपके विश्वास ने हमें बनाया एक प्रतिष्ठित ब्रांड

22 साल के इस सफर में हमें गर्व है कि श्री शिवम सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि हर उम्र और अवसर के लिए एक फैशन डेस्टिनेशन बन चुका है। आपके समर्थन से हमने देशभर में नए आउटलेट्स खोले, हर नए ट्रेंड को अपनाया और बेहतरीन शॉपिंग अनुभव सुनिश्चित किया। आपकी हर मुस्कान और हमें लगातार बेहतरीन सेवा देने की प्रेरणा देता है।

### 22वीं वर्षगांठ पर, आपके लिए एक खास उपहार

आपके अटूट विश्वास और प्यार के लिए हम सिर्फ शब्दों से धन्यवाद नहीं कहना चाहते, बल्कि आपके लिए एक खास तोहफा भी लाए हैं। 22% की विशेष छूट! इस अवसर पर, हम अपने सभी ग्राहकों के लिए 11+11% तक की विशेष छूट लेकर आए हैं, ताकि आप अपनी पसंदीदा खरीदारी को और भी खास बना सकें।

### श्री शिवम परिवार की ओर से दिल से धन्यवाद!

आपका भरोसा, हमारा गर्व! आपके साथ ये 22 साल यादगार रहे, और हम चाहते हैं कि यह सफर आने वाले दशकों तक यूं ही चलता रहे। धन्यवाद, आपके साथ 22 साल – और आगे भी अनगिनत सालों तक!

- **श्री शिवम परिवार**



Thank you for your Love & Support!




EXCLUSIVE Anniversary OFFER
FROM 22nd TO 28th FEB
22% OFF
11% Instant and the next 11% will be redeemable in the month of March.

*This offer is valid on purchases of ₹10,000 and above and is applicable only to fresh articles.

CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE

SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE

MEN | WOMEN | KIDS WEAR


**Raipur:** Beside Axis Bank, Jeevan Bima Marg, Pandri
**Durg:** Santra Badi, Station Road • **Bilaspur:** Agrasen Chowk, Link Road

NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA

Follow us on shreeshivamclothing shreeshivm 7222955555 Donate Organ. Donate Life. | AMPLE PARKING SPACE

## खबर संक्षेप

### फाइलेरिया रोग की जांच



**डोंगरगढ़।** शिखर युवा मंच, एसबीआई फाउंडेशन के तत्वावधान में मोबाईल मेडिकल यूनिट राजनांदगांव ने भगवानटोला में फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। एसबीआई संजीवनी की टीम ने फाइलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय आदि की जानकारी दिया। स्वस्थ्य जीवन शैली अपना कर फायलेरिया से बचने तथा नियमित जांच के महत्व को रेखांकित किया गया। टीम के जिला समन्वयक योगेश चौहान ने बताया कि फाइलेरिया से लोगों को जागरूक करने शिविर का आयोजन किया गया है। रोग होने पर लोगों को उपचार के लिए आगे आना होगा तभी फाइलेरिया पर नियंत्रण किया जा सकता है। इस मौके पर डॉ ईश्वर यादव, दीपिका जोशी, मनोज कश्यप, आशीष साहू, निखिल सहारे आदि मौजूद थे।

### हिंदी ओलम्पियाड का पोस्टर लोकार्पित



**डोंगरगढ़।** विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड 2025 का आयोजन 50 से अधिक देशों में विश्व रंग फाउंडेशन, वनमाली सृजन पीठ भोपाल, रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के तत्वावधान में आगामी 14 से 30 सितंबर तक किया जाना प्रस्तावित है। टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड 2025 के प्रचार–प्रसार के प्रथम चरण में पोस्टर का लोकार्पण होना है। आईसेक्ट केंद्र समन्वयक निशांत जैन के आग्रह पर पोस्टर का लोकार्पण गत 21 फरवरी को बीईओ बिरेन्द्र कौर गरचा, कालेज की प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रकाश यादव ने किया।

# बिना बैग के आते हैं विद्यालय, पर बहुत कुछ सीख रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बस्ते के बोझ से मुक्ति दिलाकर बच्चों में रचनात्मक सोच विकसित करने शासन ने शनिवार को बैग लेस डे घोषित किया है। इस दिन पढ़ाई से ज्यादा अन्य गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को खेल, सांस्कृतिक सहित अन्य गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है ताकि उनकी प्रतिभा निखर सके। वहीं स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय ने नवाचार करते हुए बच्चों के लिए स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम की शुरूवात की है।

जानकारी के अनुसार जवाहर नवोदनय विद्यालय द्वारा कार्यक्रम के तहत 11 स्किल सिखाया जा रहा है जिसमें गुलाल, केक, मोमबत्ती बनाना, म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, योगा, फुटबॉल, वुड क्राफ्ट, बंबू कला, हर्बल साबुन, हर्बल गुलाल आदि शामिल है। इस आशय का व्यवहारिक जानकारी देने के लिए बाहर से प्रशिक्षक बुलाए गए है। यह कार्यक्रम छठवीं से नवमीं तक के बच्चों के लिए चल रहा है। जानकारी के अनुसार कक्षा छठवीं से नवमीं तक के 320 बच्चों को 11 समूह में बांटा गया है।

### रूचि अनुसार प्रशिक्षण

जानकारी के अनुसार बच्चों के कौशल विकास के लिए सबसे पहले बच्चों से ही यह पूछा गया कि वह क्या-क्या सीखना चाहते हैं। उनकी रुचि के अनुसार 30-30 बच्चों का समूह बनाया गया है। प्रत्येक कला को अच्छे से सिखाने के लिए दो-दो शिक्षकों को इंचार्ज बनाया गया है। बाहर से एक-एक प्रशिक्षक बुलाया गया है जो प्रतिदिन बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम 17 फरवरी से प्रारंभ होकर 26 फरवरी तक चलेगा।

### मैदान में दिखा रहे जौहर

बैगलेस डे को बच्चों को फुटबॉल भी सिखाया जा रहा है जिसमें 30 बच्चे भाग ले रहे हैं। योगा और डांस में भी बच्चे बढ़-चढ़कर भाग लेकर पारंगत बनने के प्रयास में जुटे है। यह कार्यक्रम प्राचार्य श्री रूपेंद्र, उप प्राचार्य संजय मंडल के निर्देशन और आर चंद्रा, अनिल पॉल के नेतृत्व में चल रहा है। विद्यालय के अन्य सभी शिक्षक इसमें सहभागी बन रहे हैं।

### स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम




### बच्चों में जबर्दस्त उत्साह

स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम बच्चों के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है। बच्चे हर कला में उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं एवं कुछ नया सीख रहे हैं। कुछ कला से बच्चे अनभिज्ञ थे जैसे साबुन, गुलाल, केक, मोमबत्ती बनाने की कला से। यहां के बच्चे ट्रेनर के माध्यम से पालक, पलाश के फूल, लालभाजी, चुकंदर से गुलाल बना रहे हैं। इसी प्रकार बच्चे नीम के पत्ते, गुलाब, एलोवेरा से साबुन बना रहे हैं। कुछ हर्बल फिनायल और डिटर्जेंट बनाना सीख गए है। बच्चे अपने हाथों से केक और मोमबत्ती बनाने लगे हैं। इसी तरह बांस के अनेक आइटम बच्चे तैयार कर रहे हैं। इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक कला के माध्यम से बच्चे अलग-अलग वाद्य यंत्र बजाना सीख रहे हैं। यहां रोबोटिक्स और एनीमेशन का कार्यक्रम भी चल रहा है जिसे भी बच्चे उत्साह से सीख रहे हैं।

### प्रचार थमने के पहले कई गांव में जनसभा का आयोजन


# गांव के समुचित विकास के लिए बनाएं ट्रिपल इंजन सरकार : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का प्रचार थमने के पहले सांसद संतोष पांडे ने जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक पांच और छह के अधीन आने वाले आधा दर्जन गांव पहुंचकर सभा को संबोधित करते हुए लोगों से क्षेत्र के समुचित विकास के लिए ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का आव्हान किया। सांसद के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने आत्मीयता से स्वागत किया। शुक्रवार को सांसद श्री पांडे ने जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक पांच अर्जुनी के अधीन वाले ग्राम करमतरा, खुर्सीपार, बड़गांव चारभांठा, अर्जुनी, क्षेत्र क्रमांक छह आसरा के ग्राम गोड़री, केसला, खैरी में जनसभा को संबोधित किया।

प्रचार के अंतिम दिन भाजपा अधिकृत प्रत्याशी इंदुमति साहू और जागृति चुन्नी यदु के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे श्री पांडे ने केन्द्र और राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए कहा कि उम्मीदों के अनुरूप विकास को गति देने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों का एक विचारधारा वाला होना जरूरी है। पंचायत में भी भाजपा के जनप्रतिनिधियों को नेतृत्व होने से पूरी कड़ी बनेगा और विकास को गति मिलेगी।

उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि लगातार सत्ता में रहने के बाद भी उसने काम नहीं किया बल्कि अपने लिए दाम वसूल किया। इस मौके पर मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गुलशन हिरवानी, अर्जुनी मंडल अध्यक्ष भुवन साहू, विजय जैन, नव निर्वाचित जिपं सदस्य देवकुमारी साहू, नपं अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, अजय वैष्णव, डां निरेन्द्र साहू, चुनेश्वर साहू, टामेश्वर साहू, दिलीप साहू, दिनेश साहू, तरूण नायक, विवेक साहू आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।



### अध्यक्ष ने किया जनसंपर्क



**डोंगरगढ़।** लाल बहादुर नगर के नव निर्वाचित अध्यक्ष देवेंद्र साहु गत दिनों जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 बोरतलाव में भाजपा अधिकृत प्रत्याशी अनिता मंडावी के पक्ष में खैरबना, टाटेकसा, कनेरी, कोठीटोला, दीवानटोला, करनपुर, सीतागोटा, कारूटोला, बागरेकसा में जनसंपर्क किया। उन्होंने मोदी एवं साय सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता को दिया। श्री साहु ने जनता से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी अनिता मंडावी को विजयी एवं ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का निवेदन किया। इस दौरान हेमलाल वर्मा, रामाधार ओझा, रेवाराम सिन्हा आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस के खाते में आई सिर्फ एक सीट

### दूसरी बार निर्वाचित हुई निर्मला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



जिला पंचायत के लिए चुनाव में कांग्रेस केसीजी जिला में केवल एक सीट पर जीत दर्ज कर पाई है। समर्थित और समर्पित के चक्कर में फंसकर कांग्रेस को सीट गंवाना पड़ा है। जिला में क्षेत्र क्रमांक 2 में कांग्रेस की निर्मला विजय वर्मा ही एक ऐसी प्रत्याशी रही जो पार्टी की साख को बचाने कामयाब रही। श्रीमती वर्मा पूर्व में भी जिला पंचायत सदस्य रह चुकी है। जानकारी के अनुसार जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक दो में आधा दर्जन उम्मीदवार थे। श्रीमती वर्मा ने भाजपा अधिकृत प्रत्याशी को लगभग 1600 मतों के अंतर से परास्त किया। चुनाव जीतने के बाद श्रीमती वर्मा ने वनांचलवासियो की सेवा करने पर खरा उतरने की बात कही है।

### उलझन में उदयपुर सीट

परिणाम आने बाद कहा जा रहा है कि उदयपुर में कांग्रेस समर्थित और समर्पित की उलझन को सुलझा लेती ते यहां में उसकी जीत हो सकती थी। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 उदयपुर में भाजपा ने जीत हासिल किया है। यहां कांग्रेस ने जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था। वही जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी कांग्रेस समर्पित के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। जानकारी अनुसार श्री तिवारी को 6501 तथा कामदेव जंघेल को 5511 मत मिले। वही भाजपा प्रत्याशी ने 8142 मत हासिल कर जीत अपने नाम किया। कांग्रेस समर्थित और समर्पित का उलझन सुलझा कर किसी एक को मैदान में उतारती तो परिणाम कुछ और होता तथा यह सीट कांग्रेस की झोली में जा सकती थी।

### शिव महापुराण कथा ज्ञान महोत्सव आज से

**राजनांदगांव।** लेबर कॉलोनी वार्ड नं. 17 में भव्य शिव महापुराण कथा ज्ञान महोत्सव का आयोजन कल 22 फरवरी से किया जा रहा है। उक्त आयोजन लेबर कालोनी की नवदुर्गा महिला समिति द्वारा किया जा रहा है। महिला समिति की संगीता मिश्रा ने बताया कि शिव महापुराण के कथावाचक के रूप में वृंदावन धाम ग्राम रमपुरा (छग) के पं. प्रमोद कृष्ण होंगे। श्रीमती मिश्रा ने बताया कि कथा के प्रथम दिवस में शिवपुराण चंचला, वैरात्र्य, ब्रम्हा, विष्णु संवाद से प्रारंभ होगा। कथा का समापन 26 फरवरी को होगा। इस अवसर पर 22 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी में प्रतिमा मानिकपुरी, यशोदा मेहर, अरूणा साहू, सुनिता सेंगर, रूपाली मोर, लता लखारिया, सोनी चतुर्वेदी, सविता मिश्रा, सरस्वती चंद्राकर, लीना मानिकपुरी, नीतू मानिकपुरी, प्रभा सिन्हा आदि जुटी हैं।

# खतरनाक साबित हो रहे सड़क के गड्ढे

### दुर्घटना की आशंका से वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

कुछ वर्षों पूर्व निर्मित गंडई से दनिया मुख्य मार्ग में कई दरारें दिखने लगी है।सड़क पर दर्जन भर से अधिक बड़े बड़े गड्ढे हो गए है जिसके कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। लोग सड़क सही होने की उम्मीद के साथ वाहन को सरपट दौड़ाते है परंतु जब अचानक गड्ढे सामने आने से दुर्घटना होने की संभावना बन जाती है। गंडई से हनईबन के बीच मे कुछ गड्ढे ऐसे भी है जिसे पार करने के दौरान बड़ी गाड़ियों के पट्टे टूट गए है। गत 21 फरवरी को छोटा हाथी वाहन शिमला मिर्च भरकर बैहर से रायपुर जा रहा था जिसका पट्टा टूट गया। ड्राइवर अभय मरकाम ने बताया कि वह मध्यम रफ्तार से रायपुर जा रहा था। सड़क का गड्ढा पार करने के दौरान गाडी का पट्टा टूट गया। बड़ी मुश्किल से वह वाहन को नियंत्रित कर पाया।



### रिपेयरिंग की आवश्यकता

गंडई से दनिया मार्ग बड़ी मिन्नतों के बाद बना है। लगभग 5 साल पहले करोड़ो की लागत से सड़क का निर्माण किया गया था परंतु निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने के कारण अब खराब होने लगी है। दुर्घटनाओं को रोकने रिपेरिंग की आवश्यकता है। जल्द ही छो गढ्ढो को भरा नहीं गया तो सड़क और खराब हो सकती है। उल्लेखनीय है कि यह सड़क रायपुर- दुर्ग को जोड़ती है। इस सड़क पर दिनभर छोटे बड़े वाहन चलते हैं।

# जनता को विकास की उम्मीद, नजर भाजपा पर




**डोंगरगढ़।** विकासखंड का सबसे बड़ा ग्राम लालबहादुर नगर के अब नगर पंचायत के रूप में विकसित होने की संभावना है। लोगों ने विकास की संभावना को देखते हुए नगर पंचायत की बागडोर भाजपा को सौंपा है। उल्लेखनीय है कि ग्राम को करीब एक साल पहले ही नगर पंचायत का दर्जा मिला है। विभिन्न मूलभूत कार्य के लगभग 1 करोड के कार्य की स्वीकृति भी मिल चुकी है। वर्तमान में विकास को गति देने के साथ सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाना एक बडी चुनौती है।

### अमला की कमी

यहां अभी इंजीनियर एवं लिपिक नहीं है। राजनांदगांव के इंजीनियर एवं छुरिया के लिपिक के भरोसे कार्यो का संपादन हो रहा है। सीएमओ अकेले विकास कार्यो को अमलीजामा पहनाने में सक्षम नहीं है। रिक्त पदों पर नियुक्ति तत्काल आवश्यक है। अधोसंरचना मद से 1.35 करोड़ के डेढ़ दर्जन कार्य निविदा होने के बाद भी लटके नजर आ रहे हैं।

### भाजपा पर भरोसा

हाल में हुए नगर पंचायत के पहले चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष सहित 8 पार्षद जीते है। 5 निर्दलीय भी जीते हैं। बताया जाता है कि उन्हे भाजपा का समर्थन था। वहीं कांग्रेस के मात्र दो पार्षद ही जीत सके है। शपथ ग्रहण के बाद पीआईसी का गठन होगा। नगर पंचायत की बागडोर संभालने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षद नगर विकास की कार्ययोजना तैयार करेंगे। बीते 6 माह के अंदर शुरू हुए विकास कार्य कागजों पर ही नजर आ रहे हैं।

# रैली में महेन्द्र ने दिखायी ताकत

- सभा लेकर ग्रामीणों से मांगा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक सात के प्रत्याशी और कांग्रेस नेता महेन्द्र यादव ने प्रचार के अंतिम दिन निर्वाचन क्षेत्र के अधीन आने वाले करीब 27 ग्रामों ने विशाल मोटर साइकिल रैली निकालकर जमकर शक्ति प्रदर्शन किया।

उन्होंने कुछ गांव में सभा को संबोधित कर ग्रामीणों से जनसमर्थन मांगा ताकि गांव में प्रस्तावित शेष कार्यों और जनता की अपेक्षा को पूरा किया जा सके। जानकारी के अनुसार किसान कांग्रेस के नेता श्री यादव स्वयं मोटर सायकल पर सवार होकर रैली में शामिल हुए। मोटर साइकिल रैली सिवनी से शुरू होकर तुमड़ीबोड़, कोपेडीह, बांकल, खपरीकला, कसारी, पेंड्री, खैरा, खुड़मुड़ी, गातापार खुर्द, सेम्हरा,खुर्सीपार और बिल्हरी पहुंची। बिल्हरी में आयोजित सभा को श्री यादव सहित अन्य नेताओं ने संबोधित कर लोगों ने क्षेत्र के हित को ध्यान में रखते हुए मतदान करने का आव्हान किया। सभा के बाद रैली पुरैना, मनकी, चैतुखपरी, मुढ़िया, कोलिहापुरी, कातलबाही, मुसराकला पहुंची। यहां भी सभा आयोजित की गई। अगले पड़ाव के रवाना होकर मोटर साइकिल रैली पारागांव कला, पारागांव खुर्द, गिधवा, टप्पा, कोहका, नाथूनवागांव, बोदेला पहुंची। सभी गांवों में रैली में शामिल लोगों का ग्रामीणों ने आत्मीयता से स्वागत किया और अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया।

# मतदान करने ग्रामीणों को किया प्रेरित



**डोंगरगांव।** शत प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीण मतदातओं को जागरूक करने ब्लाक के विभिन्न ग्रामों में गत दिनों विविध आयोजन किए गए। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जाबो अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर प्यारेलाल नाग, जनपद सीईओ रोशनी टोप्पो भगत के निर्देशन एवं जाबो नोडल एबीईओ रश्मि ठाकुर, महिला पर्यवेक्षक वंदना साहू के मार्गदर्शन में आगामी २* फ़रवरी को होने वाले पंचायत चुनाव में १०० प्रतिशत मतदान करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। आयोजन के तहत स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में रंगोली, मेहंदी, पोस्टर बनाया गया। सभी ने शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ लिया। खुर्सीपार,खुज्जी, बीजाभांठा, अर्जुनी, तिलईरवार, टप्पा, बड़गांव चारभांठा आदि गांव के स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर अनिवार्य रूप में मतदान करने ग्रामीणों को प्रेरित किया।

### दिग्गजों को हराया शैलेष ने

**टाटेकसा।** ग्राम पंचायत घोरतलाव में वार्ड 1 में पंच का चुनाव काफी रोमांचक रहा। भाजपा- कांग्रेस के बड़े नेताओं को हराकर शैलेश उजवने ने 38 वोट लेकर जीत हासिल किया है। श्री उजवने ने कहा कि यह वार्डवासियों की जीत है जिन्होंने मुझे इस लायक समझा और सही-गलत का फैसला करके पंच चुना है। इस चुनाव में शैलेश उजवने को 38, देवानंद सहारे को 27 वोट, धनेन्द्र कोठारी को 22 वोट मिले।

### कार्रवाई के दायरे में ठेकेदार



**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के पूर्ववर्ती कार्यकाल में अनियमितता और राशि के दुरूपयोग के मामले सामने आए थे। सत्ता परिवर्तन के बाद जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद तत्कालीन अधिकारी, इंजीनियर, लेखापाल आदि को सस्पेंड कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया और गड़बड़ी में लिप्त अन्य कर्मचारी तथा ठेकेदारों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार कागजों में संपादित निर्माण और फर्जी भुगतान को खगालने उच्च कार्यालय के अधिकारी पहुंचे थे। सीएमओ सीके शर्मा की उपस्थिति में जांच भी शुरू की गई। उन्हे दुर्ग एवं रायपुर कार्यालय बुलाया गया था। कहा जा रहा है कि ठेकेदारों के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
ऑपरेशन द्वारा इलाज
नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
दांतों की नसों का इलाज
दांतों की सफाई व चमकाना
दंत प्रत्यारोपण
मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### चार दिवसीय श्री सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह का भव्य आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड सहसपुर लोहारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम गोछिया में श्री सद्गुरू कबीर साहब एवं धनी धर्मदास साहब की असीम कृपा एवं पंथ श्री हुजुर प्रकाशमुनि नाम साहब के असीम कृपा एवं गुरू गोसाई डॉ भानूप्रताप साहब के प्रेरणा से चार दिवसीय श्री सद्गुरू कबीर सत्संग समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र के समस्त ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने व श्री सद्गुरू कबीर सत्संग कथा रसपान करने अपील की गई। वहीं 21 फरवरी को दीप प्रज्जवलित धरमदास साहेब द्वारा एवं सत्संग प्रारंभ, 22 फरवरी को गुरू महिमा पाठ एवं 3 बजे से रामू साहेब द्वारा प्रवचन व 23 फरवरी को गुरू महिमा पाठ एवं 2 बजे से प्रभात साहेब द्वारा प्रवचन एवं 4 बजे अंजली माता द्वारा अमृत वचन तथा 24 फरवरी को गुरू महिमा पाठ एवं भव्य शोभा यात्रा चौंका आरती गुरू गोसाई राकेश साहेब एवं भोजन भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं चार दिवसीय श्री सद्गुरू कबीर सत्संग समारोह में प्रत्येक ग्रंथ मंडली को 751 रूपए सप्रेंम भेंट तथा अनिल कौशिक, निरंजन कौशिक, कुलदीप कौशिक, अजय कौशिक द्वारा 51 रूपए व गिरिराज कौशिक, विश्वनाथ कौशिक, अनुप कौशिक, कुश-ऋषि कौशिक, बृजेश कौशिक द्वारा 25 रूपए व हर्ष कौशिक द्वारा 21 रूपए व अजित द्वारा 15 एवं रतिराम कौशिक, दुर्गेश-बंशीलाल, माधव-दानेश, दीपक कौशिक, काशी-तिलक द्वारा 11 रूपए साथ ही साथ स्व. त्रिलोचन उइके के स्मृति में पूर्णिमा कलेंडर तथा हेमंत-मनीष कौशिक द्वारा यर्थाथ सप्रेंम भेंट दिया जाएगा। चार दिवयीय श्री सद्गुरू कबीर सत्संग समारोह से ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों में भारी भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है।

### 14वीं राष्ट्रीय स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** उत्तरप्रदेश बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन एवं लखनऊ बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेश एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन 14वी कप राष्ट्रीय स्तरीय बॉडी बिल्डिंग, महिला मोडल फिजिक्स, मेंस स्पोर्ट फिजिक्स प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 22 व 23 फरवरी को किया जिसमें जिले से बॉडी बिल्डिंग में सत्येन्द्र मेरावी भाग लिया। साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर छत्तीसगढ़ टीम के प्रबंधक के रूप में सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष महेन्द्र टेकाम, महासचिव बी राजशेखर राव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद सिंह एवं जिला बॉडी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गोवर्धन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष अजय टाटिया, अजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष छत्रपाल ठाकुर, अभिषेक सिंह, सहसचिव राजू ठाकुर, अवधेश सिंह, विकास केशरवानी, राजीव केशरी, मोनू, संतोष, रामचंद, महेश ठाकुर, विनोद केशरवानी, फिरोज खान, गौरव, कमलेश, अमन सिंह, श्रवण भूपेन्द्र, सोनू ने भाग लिए।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का द्वितीय चरण का मतदान और मतगणना पूरी, कांग्रेस को भारी नुकसान

# द्वितीय चरण के चुनाव में जिला पंचायत की सात सीटों में भाजपा को बढ़त, एक में कांग्रेस आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

द्वितीय चरण के पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया और बोड़ला में कुल आठ सीट में सात सीट भाजपा को मिलते दिख रही, वहीं कांग्रेस को एक सीट में बढ़त है। प्राप्त गणना पत्रक के आकड़ों के अनुसार कवर्धा पंडरिया विकासखण्ड के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से 8 तक का चुनाव 20 फरवरी को द्वितीय चरण में हुआ है। जिसमें क्षेत्र क्रमांक 01, 03, 04, 05, 06, 07 व 08 में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों को उनके प्राप्त गणना पत्रक के अनुसार प्रचंड बहुमत से बढ़त मिली है।

वहीं क्षेत्र क्रमांक 02 से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर को जीत मिली है। क्षेत्र क्रमांक 06 में कांग्रेस की जगनी कामू बैगा और भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी ललिता रूपसिंह ध्रुर्वे के बीच कांटे की टक्कर रही। दोनों प्रत्याशी अपने अपने जीत की दावा कर रहे है। क्षेत्र क्रमांक 06 की प्रत्याशी ललिता रूपसिंह ध्रुर्वे ने बताया कि निर्वाचन से प्राप्त गणना पत्रक के अनुसार वे 74 वोट से वे चुनाव जीत चुकी है। देखना होगा कि आने वाले समय में प्रशासनिक गणना प्रत्रक में किसकी जीत होती है।

जिले के आधा दर्जन से अधिक जिला पंचायत क्षेत्रों में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव में अपना परचम लहराते नजर आ रही है। गत गुरूवार को जिले के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 एवं 8 के लिए हुई मतदान के बाद देर रात जिला निर्वाचन द्वारा प्रत्याशियों को जारी किए गए गणना पत्रक के आंकड़ों की माने तो इन सभी 7 जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांकों में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जीत दर्ज करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जाता है कि इन मतगणना के इस गणना पत्रक के सामने आने के बाद भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खासा उत्साह और जोश दिखाई दे रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में गत 20 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिले के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 एवं 8 के लिए मतदान किया गया। इस बार भाजपा ने जहां जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से दीपा पप्पु ध्रर्वे को, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 से रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 राजेश्वरी धतूलहरे को, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 से पूर्णिमा मनीराम साहू को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 से ललिता रूपसिंह ध्रुर्वे को, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 से गंगा बाई लोकचंद साहू व क्षेत्र क्रमांक 08 से राजकुमार मेरावी को चुनाव मैदान में उतारा था। गणनापत्र के आंकड़ों में अपने विरोधियों से काफी आगे बताए जा रहे हैं या यूं कहें की अनाधिकृत रूप से जिला पंचायत के इन सभी भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों ने चुनाव जीत लिया है। जिसकी औपचारिक घोषणा बाकी है।



### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा का बेहतरीन प्रदर्शन

कबीरधाम जिले के कुल 14 सीटों के लिए दो चरणों में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथियो के अनुसार जिला पंचायत के 14 सीटों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई है। जिसमें 17 फरवरी को 6 जिला पंचायत क्षेत्र और 20 फरवरी को 8 जिला पंचायत क्षेत्र प्रतिनिधियो का निर्वाचन कराया गया है। जिसमें 13 सीटों पर भाजपा को बढ़त मिली है। वहीं एक सीट पर कांग्रेस की अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर को बढ़त मिली है। प्रथम चरण के 6 सीटों में हुए चुनाव मे सभी के सभी सीट भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियो ने जीत दर्ज कराई है वहीं 20 फरवरी को हुए जिला पंचायत क्षेत्र 8 के लिए हुए मतगणना में 7 में भाजपा को बढ़त मिली है और एक में कांग्रेस को बढ़त मिलते दिख रही है।



# साग-सब्जी के भाव में आई गिरावट, रसोई में आई रौनक

- सब्जियों के दाम में कमी से लोगों के चेहरों में आई रौनक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

शहर सहित क्षेत्र के हॉट-बाजार में मंहगी साग-सब्जी से आम नागरिको के होश उड़ गई थी, लेकिन वर्तमान में लोकल बॉड़ियों से साग-सब्जी की भारी आवक के कारण हरा-भरा साग-सब्जी व रसोई घर में रौनक आई है। वहीं बाजार में पत्ता गोभी 40 से 50 रूपए बिकने वाली गोभी 10 रूपए प्रति किलो बिक रही है। वहीं लाल टमाटर आम नागरिकों से कोसो दूर था वहीं 5 से 7 रूपए बिक रही है।

हाल ही में हरी-भरी साग-सब्जी में आई भारी गिरावट से घर की बजट में सुधार आई है। सब्जी के दाम गिरने से लोगों में खुशी हैं साथ ही सब्जी बेचने वाले भी खुश हैं क्योंकि उनकी बिक्री भी अच्छी हो रही है। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच सब्जियों के दाम में कमी लोगों के चेहरों पर रौनक वापस ले आई है और हरी सब्जियां एक बार फिर घरों के मेन्यु और रसोई में वापस शामिल हो गई हैं।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सब्जियों का राजा टमाटर को कहा जाता है, क्योंकि टमाटर के बिना सब्जी अधूरा होता है, इसलिए हर घर में टमाटर की आवश्यकता पड़ती है, इसलिए टमाटर के बिना साग-सब्जी अधूरा होता है और स्वादिष्ट भी होता है। वैसे टमाटर की चटनी छत्तीसगढ़ी में प्रसिद्ध है चटनी-बासी के नाम से जाना जाता है और वही हरा-भरा मिर्ची, धनिया व मेथी भी 5 रूपए में खरीद कर बोझा घर मे ला रहे हैं जिससे रसोई घर की बजट में रौनक आ गई है।

# दूसरे चरण में हुए निर्वाचन का परिणाम आज और कल

- पंच पद के लिए पृथक से सहायक रिटर्निंग अधिकारी एआरओ नियुक्त ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण में हुए मतदान के तहत बोड़ला और पंडरिया विकासखंड के पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्यों को प्राप्त मतों का सारणीकरण कार्य 22 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे से किया जाएगा। इसके लिए बोड़ला विकासखंड का सारणीकरण स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला परिषर में तथा पंडरिया विकासखंड का सारणीकरण कार्य स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल परिषर पंडरिया में आयोजित किया जाएगा।

सारणीकरण पूर्ण होने के बाद निर्वाचित जनप्रतिनिधियों जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 के जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए भी विकासखंड स्तर पर सारणीकरण कार्य संपन्न किया जाएगा। 23 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे कलेक्टोरेट कार्यालय के सभा कक्ष में भी सारणीकरण कार्य किया जाएगा।

टेबुलेशन कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रत्येक जनपद सदस्य क्षेत्र के आधार पर पंडरिया एवं बोड़ला विकासखंडों में 25-25 टेबल लगाए जाएंगे। जनपद सदस्यों का सारणीकरण पूर्ण होने के बाद उन्ही टेबलों पर जनपद क्षेत्र में शामिल ग्राम पंचायत के सरपंच का सारणीकरण किया जाएगा। इसी प्रकार पंच के लिए 10-10 ग्राम पंचायतों के लिए 1-1 टेबल निर्धारित किए गए हैं। पंच पद के लिए पृथक से सहायक रिटर्निंग अधिकारी एआरओ नियुक्त किए गए हैं। टेबुलेशन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी एआरओ एक गणना प्रेक्षक और दो गणना सहायक नियुक्त किए गए है।

# गन्ना फसल की बुआई देशी पद्धति से करने में जुटे ग्रामीण किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों किसान अपनी हरा सोना गन्ना फसल की कटाई-छटाई और बेचने के बाद फिर गन्ना फसल खेतों की साफ-सफाई कर गन्ना फसल को अंकुरित करने वही दूसरी ओर खेतों में ट्रैक्टर के माध्यम से जुताई कर नाली बनाकर बीज खरीद कर और तुलसी विवाह कर देशी पद्धति गन्ना फसल की तैयारी में जुटें हुए है।

ग्रामीणों ने बताया कि गन्ना फसल की बीज 400 से अधिक में खरीदकर किसान छोटे-छोटे टुकड़े कर देशी पद्धति से बीज रोपाई में जुटें हुए है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि एक एकड़ गन्ना खेतों में 40 क्विंटल गन्ना की खपत होता है जो देशी पद्धति से लगाने में जुटे हुए हैं ताकि समय पर गन्ना फसल की अच्छी उत्पादन व अच्छी आमदानी मिल सकें। शहर सहित क्षेत्र में ग्रामीण किसान सुबह से देर शाम तक गन्ना फसल की बुआई कार्य में बच्चे, महिला बुजुर्ग व ग्रामीण मजदूर जुटे हुए है।

### क्षेत्र क्रमांक 17 से छत्रकिशोर सानू तिवारी की ऐतिहासिक जीत से क्षेत्रवासियों में खुशी



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम सोमनापुर जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 17 से छत्रकिशोर सानू तिवारी को मतदाताओं का आशीर्वाद के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की। छत्रकिशोर सानू तिवारी 175 वोटो से विजयी होने पर ग्राम सैहामालगी, सोमनापुर, भटरूसे, मोतेसरा, निगापुर, कुआंमालगी, अमलीमालगी, महुआमड़वा, सेमरकोना, पथरी, कंझेटी व आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं में भारी खुशी व उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर छत्रकिशोर सानू तिवारी का गुलाल, फूल-माला, गाजे-बाजे व पटाखे के साथ ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। जिस पर ग्रामीणों दिनेश पांडेय, नंदकिशोर तिवारी, पवन शर्मा, अंबिका मिश्रा, शैलेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, गुलशन तिवारी, हर्ष मिश्रा, प्रतीक शर्मा, निलेश चंद्रवंशी, अजय सिंगरौल, दीपक चंद्रवंशी सहित कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### आयुष स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश परीक्षा के लिए 7 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** आयुष स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिएण आवेदन शुरू हो गए है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में राज्य के शासकीय व निजी क्षेत्र के आयुर्वेद/होम्योपैथी चिकित्सा कॉलेज में बीएएमएस, बीएचएमएस पाठ्यक्रम में प्रवेश केवल राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2025 की मेरिट के आधार पर किए जाएगें। आयुष स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छात्र छात्राओं को ऑनलाईन की अंतिम तिथि 7 मार्च तक आवेदन आमंत्रित है।

## कलेक्टर के मार्गदर्शन में दोनों विकासखंड में 84.81 प्रतिशत हुआ मतदान

# बोड़ला व पंडरिया में मतदान सफलतापूर्वक सम्पन्न सभी मतदान दल देर-रात तक सकुशल वापस लौटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत दूसरे चरण के मतदान में जिले के विकासखंड बोड़ला और पंडरिया में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतदान कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रक्रिया सुसंगठित तरीके से पूरी हुई। मतदान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण करने के बाद सभी मतदान दल देर रात तक सकुशल वापस लौटे। दोनों विकासखंडों में मतदान प्रक्रिया को लेकर उत्साह देखने को मिला और नागरिकों ने बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रतिशत की बात करें तो बोड़ला और पंडरिया दोनों विकासखंडों में कुल 84.81 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें पुरूष मतदाताओं की भागीदारी 85.62 प्रतिशत और महिलाओं की भागीदारी 84.02 प्रतिशत रहीं। मतदान दलों के सकुशल वापस लौटने के बाद बोड़ला और पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी सहित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा मतदान समाग्रियों को स्थानीय स्ट्रांग रूप में विविधव सील का कार्य कराया गया। जिले के दोनो विकासखंड में 84.81 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें पुरूष मतदाता 85.62 प्रतिशत और महिला मतदाता 84.02 प्रतिशत रहा। पंडरिया विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 84.51 प्रतिशत, पुरुष 85.68 प्रतिशत, महिला 83.34 प्रतिशत, बोड़ला विकासखण्ड का मतदान प्रतिशत 85.20 प्रतिशत पुरुष 85.53 प्रतिशत, महिला 84.88 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के दूसरे चरण के निर्वाचन में कुल 2 लाख 80 हजार 814 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 1 लाख 40 हजार 570 और महिला मतदाता 1 लाख 40 हजार 243 शामिल है। पंडरिया विकासखंड में कुल 1 लाख 56 हजार 981 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 79 हजार 562 और महिला मतदाता 77 हजार 419 शामिल है। बोड़ला में कुल 1 लाख 23 हजार 833 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें पुरूष 61 हजार 08 महिला मतदाता 62 हजार 824 मतदाता शामिल है। तृतीय लिंग मतदाता की संख्या 01 है।

### मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ी निगरानी रखी गई

पंडरिया जनपद पंचायत अंतर्गत पंच पद के 945 वार्डों के लिए निर्वाचन हुआ। इसके साथ ही सरपंच के 134 पद, जनपद सदस्य के 25 पद पर निर्वाचन हुआ। बोड़ला विकासखंड अंतर्गत पंच पद के 551, सरपंच के 119 पद और जनपद सदस्य के लिए 25 पद पर मतदान हुआ। इसके साथ ही दोनो विकासखंड अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 08 पदों के लिए भी मतदान संपन्न हुआ। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दौरान दोनो विकासखंड में मतदान केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़ी निगरानी रखी गई। प्रशासन ने मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी और शांति से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री वर्मा ने चुनाव प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस बल और निर्वाचन अधिकारियों की सराहना की। मतदान के बाद सभी मतदान दल अपनी निर्धारित समयसीमा के भीतर सुरक्षित रूप से मतदान केंद्रों से लौट आए।

# नवनिर्वाचित सरपंच गायत्री धनीदास मानिकपुरी को मिला प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत जोराताल सरपंच पद के लिए श्रीमती गायत्री धनीदास मानिकपुरी को ग्रामीणों द्वारा आशीर्वाद एवं ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर जीत दर्ज कराया। जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह व खुशी का माहौल बना हुआ है।

साथ ही साथ ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती गायत्री धनीदास मानिकपुरी को रंग-गुलाल, फूल-माला से गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। वहीं मतदान के बाद सरपंच के सारणीकरण के बाद परिणाम रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा नव-निर्वाचित सरपंच श्रीमती गायत्री धनीदास मानिकपुरी को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## सार समाचार

### भामसं कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक 25 को

**राजनांदगांव।** भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश दोनों प्रदेशों में निवासरत केन्द्रीय पदाधिकारियों व संगठन के फेडरेशनों के अध्यक्ष व महामंत्री जिनका निवास दोनों प्रांतों में है तथा मान्यता प्राप्त पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं की क्षेत्रीय बैठक आगामी माह 09 व 10 मार्च को डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर के विश्राम गृह में आयोजित की गई है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि बैठक में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ प्रांत के शीर्षस्थ मजदूर नेता दो दिनों तक शांत वातावरण में चिंतन-मनन करेंगे व मजदूर क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं, रोजगार के अवसर, बढ़ते ग्लोबलाईजेशन, आर्थिक सुधारों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लेंगे। बैठक 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक में आयोजित की गई है।

### दूसरे चरण में भी भाजपा को आशातीत सफलता

**राजनांदगांव।** जिले में चल रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में भाजपा को फिर से आशातीत सफलता प्राप्त हुई है। जिले के छुरिया जनपद पंचायत में जनपद पंचायत की 25 सीटों में से 18 सीटों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयी होकर जनपद में पूर्ण बहुमत प्राप्त कर लिया है। इसी प्रकार क्षेत्र की जिला पंचायत की तीन में से तीनों सीट पर भाजपा ने कब्जा जमाकर कांग्रेस का सुपड़ा साफ कर दिया। भारतीय जनता पार्टी मीडिया सेल के अनुसार पार्टी अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि जिस तरह नगरीय निकाय के चुनाव में कांग्रेस की बद से बदतर हालात हुई, उसी तरह पंचायतों के हो रहे चुनाव में भी कांग्रेस की बुरी गत का सिलसिला जारी है, जहां पहले चरण के चुनाव में चार में से तीन जिला पंचायत सीटों पर पार्टी का कब्जा हुआ व जनपद पंचायत में पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ। इसी प्रकार दूसरे चरण के हुए चुनाव में छुरिया क्षेत्र की जिला पंचायत की तीनों सीटों पर क्रमशः बीरमबाई 9000 वोटों से, गोपाल भुआर्य 10000 वोटों से तथा किरण रविन्द्र वैष्णव 6000 मतों के अंतर से विजयी होकर जनसमर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के चुनाव में भी पार्टी प्रत्याशियों की डोंगरगांव व डोंगरगढ़ क्षेत्र में व्यापक जीत होगी।



### मातृभाषा से बढ़ता है आपसी भाईचारा

**अर्जुनी।** नवीन महाविद्यालय में मातृभाषा दिवस प्राचार्य डां अंजना ठाकुर के निर्देशन में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम चंद्रप्रकाश ने छत्तीसगढ़ी भाषा में अपने विचार रखते हुए कहा कि मातृभाषा विलुप्त होने के कगार तक पहुँच रही है इसलिए सभी को मातृभाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए। इसी कड़ी में गणित विभागाध्यक्ष हनी ठक्कर ने गोंडी मातृभाषा के प्रति अभिरूचि प्रकट करते हुए गोंडी गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने मातृभाषा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में अनेक जाति, धर्म, संप्रदाय के लोग अपनी मातृभाषा का प्रयोग बोलचाल में करते हैं जिससे अपनत्व की भावना विकसित होती है और आपसी भाईचारा बढ़ता है। मातृभाषा अभिव्यक्ति के साथ परंपरा, संस्कृति की परिचालक है जो गौरव का प्रतीक है। सभी को अपनी मातृभाषा से लगाव होना चाहिए। इस अवसर पर देव्यानी, खुशबू, रेणुका. सरस्वती. तन्नू, वेणुका, पूजा, डामिन, टिकेश्वरी, गीतेश लहरे, प्रियांशु, मुरली, योगेश, एवन, दूकेश्वर के अलावा अतिथि व्याख्याता हेमशंकर साहू, हरवंश चौरगे, डॉ.काव्या जैन, डॉ संजू सिंह, लीना साहू, चाँदनी पराते, शुभि जैन, दुष्यंत कुमार साहू, योगेन्द्र देवांगन, हिमानी साहू, सौम्या देवांगन, सरोजनी वर्मा आदि उपस्थित थे। संचालन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

### लखन साहू तीसरी बार विजयी

**खैरागढ़।** जनपद पंचायत खैरागढ़ क्षेत्र क्रमांक 16 पेंड्रीकला दपका भरदा देवारीभाट से भाजपा समर्थित लखन साहू 400 से अधिक वोटो से लगातार तीसरी बार विजयी हुए हैं। लखन साहू सरल स्वभाव के धनी है सादगी ही उनकी पहचान है । खैरागढ़ जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए संगठन खेमे की पसंद बताए जाते हैं। विजय प्राप्त होने पर लखन साहू ने क्षेत्र की देव तुल्य मतदाताओं, संगठन के कर्मठ कार्यकर्ताओं, क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष बिसेसर साहू एवं विक्रांत सिंह का आभार जताया।



# एक्शन की तैयारी: दो दर्जन नेताओं को जारी होगी नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद अब कांग्रेस में बवाल की स्थिति निर्मित हो गई है। समीक्षा बैठक में कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा जिन दो दर्जन कांग्रेस नेताओं की लिखित शिकायत की गई है, उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी भी शुरू हो गई है। ऐसी संभावना जताई है कि 22 फरवरी को छग के दौरे पर आ रहे प्रभारी सचिन पायलट इस पूरे मामले को संज्ञान में लेंगे। वहीं कांग्रेस नेताओं को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किए जाने के साथ-साथ कार्रवाई के भी संकेत मिले हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम चुनाव में मेयर सहित 43 वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशियों की हार के बाद कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में आक्रोश की स्थिति निर्मित है। गुरुवार को सतनाम भवन में आहूत समीक्षा बैठक में हंगामे और झूमाझटकी की घटना सामने आने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी मामले को गंभीरता से लिया है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा बैठक में शहर के कई नेताओं द्वारा चुनाव में भीतरघात किए जाने की लिखित तौर पर शिकायत की गई है। यही नहीं कांग्रेस नेताओं को पार्टी से बाहर करने की भी मांग की गई है। बताया जाता है कि बैठक में पनपे आक्रोश को देखते हुए तत्काल कोर ग्रुप की बैठक भी आहूत की गई। जिसमें कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन, प्रभारी बृजेश शर्मा सहित शहर के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने पूरे मामले की समीक्षा की है। बताया जाता है कि बैठक में यह तय किया गया है कि कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा की गई शिकायत को प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपा जाएगा। इधर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी यह संकेत दे दिए हैं कि चुनाव में भीतरघात करने वाले नेताओं पर कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि 22 फरवरी को छग पहुंच रहे प्रभारी सचिन पायलट ने एक बैठक आहूत की है। इस बैठक के बाद दो दर्जन कांग्रेस नेताओं को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किए जाने की चर्चा है। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो कुछ कांग्रेस नेताओं को पार्टी से बाहर किए जाने की भी तैयारी है।



#### हंगामा देख खामोश रहे नेता

समीक्षा बैठक के मंच पर आसीन कांग्रेस नेताओं को संबोधन का मौका ही नहीं मिल पाया। बताया जाता है कि बैठक में हर पल विवाद की स्थिति निर्मित होते देख कांग्रेस नेता भी बैठक से बाहर चले गए। ऐसा पहली बार हुआ, जब किसी भी नेता ने बैठक को संबोधित ही नहीं किया।

#### गुटबाजी हावी

नगर निगम चुनाव में वार्ड के कांग्रेस प्रत्याशी नेताओं की गुटबाजी का शिकार हो गए। अधिकांश वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशी अपने दम पर ही चुनाव लड़ते रहे। यही नहीं कांग्रेस नेताओं ने जमकर भीतरघात भी किया। यही कारण है कि करीब दो दर्जन कांग्रेस प्रत्याशियों द्वारा संगठन के पास लिखित शिकायत की गई है।

#### पीसीसी को सौंपेगे रिपोर्ट

समीक्षा बैठक में पारिवारिक माहौल के बीच प्रत्याशियों की बातें सुनी गई है, जिन प्रत्याशियों ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ शिकायत की है, उनकी रिपोर्ट पीसीसी को सौंपी जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। - **रमेश डाकलिया,** कार्यकारी अध्यक्ष, शहर कांग्रेस

### राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मांगा प्रशासन से जवाब

# 22 एकड़ में अवैध प्लाटिंग शासन ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंदिरा नगर चौक में स्थित अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी की आड़ में करीब 22 एकड़ में अवैध प्लाटिंग के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राजनांदगांव कलेक्टर, आयुक्त, एसडीएम और नगर निवेश के उपसंचालक से जवाब मांगा है।

उल्लेखनीय है कि इंदिरा नगर चौक में रेरा से छह एकड़ की अनुमति लेकर अभिनंदन गैलेक्सी कालोनी का निर्माण किया गया था। इस कालोनी से लगी करीब 22 एकड़ जमीन में शहर के दो जमीन दलालों ने अवैध प्लाटिंग कर शासन को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचा दिया है। अवैध कालोनाईजरो ने मौके पर न तो गार्डन के लिए जमीन छोड़ी है और न ही ईडब्लूएस और एलआईजी के लिए जगह दी है।रेरा से एप्रुव कालोनी के भीतर करीब 22 एकड़ में अवैध प्लाटिंग के मामले का हरिभूमि ने पर्दाफाश किया था। समाचार के प्रकाशन के बाद हरकत में आए प्रशासन ने अवैध कालोनाईजरों को नोटिस जारी की है। इधर अब इस मामले में राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने भी नोटिस जारी कर जांच के आदेश जारी किए हैं। सूत्रों ने बताया कि राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने कलेक्टर, आयुक्त, एसडीएम और नगर निवेश विभाग के उपसंचालक को जबाव-तलब किया है।

### अवैध प्लाटिंग से करोड़ों का नुकसान


अभिनंदन गैलेक्सी की आड़ में अवैध कालोनाइजरों का बड़ा खेल

रेरा से आठ एकड़ का परमिशन लेकर 22 एकड़ में अवैध प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कमेटी की अनुशंसा नहीं

कटघरे में नगर निगम

क्या है नियम

#### मची खलबली

रेरा एप्रुव कालोनी के भीतर ही 22 एकड़ अवैध प्लाटिंग किए जाने के मामले में जांच के आदेश जारी होते ही निगम, राजस्व और नगर निवेश महकमे में खलबली मच गई है। सूत्रों ने बताया कि जिस दौरान अवैध प्लाटिंग की जा रही थी, उस दौरान भी इसकी शिकायत की गई थी, लेकिन अफसरों ने कोई ध्यान नहीं दिया था। मजे कि बात यह है कि अवैध कालोनाईजरो ने निगम से लाईसेंस भी नहीं लिया और नियमितकरण कर दिया गया है।

#### उच्च स्तरीय जांच की मांग

इधर कांग्रेस ने भी 22 एकड़ में अवैध प्लाटिंग के मामले में शासन से उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग की जांच किए जाने की मांग भी रखी है।

#### नियम विरूद्ध कर दिया नियमितीकरण

राज्य शासन ने 500 वर्गमीटर से अधिक की कालोनियों में रेरा की अनुमति लेना अनिवार्य किया है। निगम प्रशासन ने इस नियम की धज्जियां उड़ाते हुए बाह्य विकास शुल्क लेकर नियमितीकरण कर दिया है, जो पूर्णतः अवैध की श्रेणी में आता है। शासन ने नियमितीकरण के लिए भी एक समिति का गठन किया है, लेकिन निगम ने समिति से अनुमोदन कराए बगैर ही अवैध प्लाटिंग को नियमित कर दिया है।

# जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी कर रही गुमराह : विभा साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 05 अर्जुनी की जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रीता सुयश नाहटा कांग्रेस की अधिकृत उम्मीदवार नहीं होकर भी अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता को स्वयं को कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी बताकर गुमराह कर रही है। इस तरह झूठ बोलकर मतदाताओं के ज्यादा से ज्यादा वोट बटोरने की कोशिश उनके कुछ समर्थक भी कर रहे हैं।

दरअसल जिला पंचायत क्षेत्र के उम्मीदवारों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुमति से तत्कालीन जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने तीन फरवरी को जिला पंचायत क्षेत्र के उम्मीदवारों की जो सूची जारी की थी, वह पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों की सूची नहीं थी, बल्कि उनके नाम को पार्टी की ओर से अनुमोदित किया गया था। जिनमें क्षेत्र क्रमांक एक एवं पांच को लंबित रखा गया था, जो सूची जारी की गई थी, उसमें क्षेत्र क्रमांक 08 बेलगांव से पुष्पा गौकरण वर्मा, क्षेत्र क्र. 09 राका से प्रभा साहू, क्षेत्र क्र. 10 बोरतलाव से रामक्षत्री चंद्रवंशी, क्षेत्र क्र. 11 बम्हनी से अश्वनी मंडलोई, क्षेत्र क्र. 12 गैंदाटोला से राजकुमारी सिन्हा और क्षेत्र क्र. .13 कुमर्दा से प्रताप धावड़े का नाम शामिल था। इस प्रकार उन्हें भी अधिकृत प्रत्याशी नहीं कहा जा सकता। क्षेत्र क्रमांक एक और पांच की जो सात फरवरी को सूची जारी हुई, उसमें भी जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के तत्कालीन अध्यक्ष भागवत साहू को लिखे पत्र में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासनिक) मलकीत सिंह गैदू ने क्षेत्र क्र. 05 अर्जुनी से रीता सुयश नाहटा और क्षेत्र क्रमांक 07 तुमड़ीबोड़ से होमदत्त वर्मा को कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के रूप में अनुमोदित किया था। इसमें भी अधिकृत वाली बात ही

#### कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी

ज्ञात हो कि क्षेत्र क्र. 05 से कांग्रेस की विभा साहू सदस्य पद के लिए प्रबल दावेदार थी, क्योंकि वह इसके पहले भी जिला पंचायत सदस्य रह चुकी है, किंतु क्षेत्रीय विधायक की हठधर्मिता के चलते रीता सुयश नाहटा का नाम फाइनल किया गया, किन्तु वह भी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी है, न कि कांग्रेस की अधिकृत। इस चुनाव में विभा साहू भी चुनाव मैदान में हैं और उनका मुख्य मुकाबला रीता नाहटा के साथ ही होना बताया जा रहा है।

# नवविवाहिता ने की आत्महत्या दो माह पहले हुई थी शादी

**राजनांदगांव।** शहर के भरकापारा में एक नव विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। वहीं आज सुबह परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। भरकापारा स्थित अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली नव विवाहिता आंचल वासनिक डोंगरगढ़ की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि बीते 10 दिसंबर को डोंगरगढ़ क्षेत्र के मेढ़ा में आयोजित 25 जोड़ों के सामुहिक विवाह के आयोजन में उसका भी विवाह हुआ था।



#### विवाद का मामला

पुलिस की पूछताछ में पति-पत्नी के बीच विवाद का मामला भी सामने आया है। पुलिस परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

#### पंखे से लटककर की आत्महत्या

पुलिस के अनुसार मृतिका और उसका पति घर के ऊपर कमरे में अलग रहते थे। रात लगभग 11.30 बजे मृतिका का पति काम से लौटा तो उसने देखा कि उसकी पत्नी पंखे के सहारे फांसी के फंदे से झूल रही। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

# स्वदेशी मेले में बैग आकर्षण का केंद्र

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी में भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले में इस साल भी कई आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में स्टॉल नंबर डी-33 बना हुआ है। यह स्टॉल रूचि महिला मंडल द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित बैगों के लिए प्रसिद्ध हो चुका है। मेले में आने वाले लोग न केवल इन बैगों की सुंदरता की तारीफ कर रहे हैं, बल्कि इन्हें बड़े उत्साह से खरीद भी रहे हैं।

गौरतलब है कि रूचि महिला मंडल की डायरेक्टर रचना शर्मा ने बताया कि ये बैग पूरी तरह से हस्तनिर्मित है और महिलाओं द्वारा विशेष कलात्मक डिजाइन के साथ तैयार किए गए हैं। इनमें पारंपरिक कढ़ाई और स्थानीय शिल्प कौशल का अनूठा मिश्रण है, जो इन्हें खास बनाता है। इन बैगों की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण यह है कि ये आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। रूचि महिला मंडल से जुड़ी महिलाओं ने अपने हाथों से ये बैग तैयार किए हैं। जिससे न सिर्फ उनकी आजीविका में सुधार हुआ है, बल्कि उनके हुनर को भी नई पहचान मिली है। इन बैगों को देखकर हर ग्राहक गर्व से कहता है कि वह न सिर्फ एक बेहतरीन उत्पाद खरीद रहा है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं



की मेहनत और आत्मनिर्भरता की कहानी का हिस्सा भी बन रहा है। मेले में आए ग्राहक कारवी यादव और रजनी ने बताया कि वह हर साल स्वदेशी मेले में आती है, लेकिन इस बार रूचि महिला मंडल के बैगों की गुणवत्ता और उनकी कलात्मकता ने उसे खासा प्रभावित किया। यह बैग केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि मेहनत, परिश्रम और भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले का यह प्रयास केवल एक व्यापारिक सफलता नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की एक महत्वपूर्ण पहल है। यह न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि स्वदेशी उत्पादों को भी एक नई पहचान दिला रहा है।

# पंचायत चुनाव में खपाने लाई गई शराब जब्त, भाजपा महामंत्री गिरफ्तार

- चुनाव के लिए मध्यप्रदेश से चोरी छुपे लाई जा रही शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में शराब खपाने लाई गई बड़ी मात्रा में मप्र की देशी प्लेन शराब को आबकारी विभाग ने बरामद किया है। इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसमें एक आरोपी डोंगरगढ़ का भाजपा महामंत्री बताया गया है।

ज्ञात हो कि इन दिनों जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव जारी है। जिसमें पंचायत चुनाव में लगातार अवैध रूप से मप्र से शराब लाकर खपाए जाने की सूचना आबकारी विभाग को मिल रही थी।

#### 800 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद

आबकारी सूत्रों के अनुसार मुखबीर की सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने डोंगरगढ़ ओपी मोहारा क्षेत्र के ढारा मोहारा रोड में दबिश देकर एक बोलेरो वाहन से 800 नग मप्र निर्मित देशी प्लेन शराब कीमती लगभग 56000 रुपए को बरामद किया। वहीं वाहन को भी जब्त किया है। आबकारी सूत्रों ने बताया कि इस मामले में डोंगरगढ़ भाजपा महामंत्री लखनलाल जंघेल 49 वर्ष ढारा निवासी एवं दिनेश साहू सरपंच मुढ़िया के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

#### आबकारी विभाग की कार्रवाई

आबकारी सहायक आयुक्त यदुनंदन राठौर के मार्गदर्शन में आबकारी वृत डोंगरगढ़ के दल आबकारी उपनिरीक्षक उज्जवल कुमार के नेतृत्व में मुख्य आरक्षक लालसिंह राजपूत, आरक्षक भोजराज बंजारे, नागेश निषाद, आबकारी स्टाफ अनिल सिन्हा, अश्वनी शुक्ला, खेमचंद मांडवी, मनीष रजक, रोहित टेम्बुलकर सहित अन्य की प्रमुख भूमिका रही।

**मंदिर का स्थापना दिवस 24 को :** डोंगरगढ़। श्री राधाकृष्ण मंदिर में सभी सर्किल के यादवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर का स्थापना दिवस 24 फरवरी को मनाने एवं आदर्श विवाह समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

### स्पोटर्स अकादमी रायपुर, हॉकी कबीरधाम तीसरे और चौथे स्थान के लिए भिड़ेंगे

# बिलासपुर और नांदगांव ने फाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया, हॉकी इंडिया व छत्तीसगढ़ हॉकी के तत्वावधान में आयोजित की जा रही अस्मिता हॉकी राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के आज सुबह सब जूनियर बालिका वर्ग का औपचारिक उद्घाटन के साथ पहला मैच हॉकी कबीरधाम विरूद्ध हॉकी जांजगीर-चांपा के मध्य खेला गया। जिसमें हॉकी जांजगीर-चांपा ने 4-0 गोल से पराजित किया। आज के पहले मैच में हॉकी जांजगीर-चांपा की ओर से मैच के 22वें मिनट में रानी रोहिदास ने, मैच के 35वें मिनट में पायल यादव ने, मैच के 42वें और 59वें मिनट में शालू ढीमर और कृष्णा सूर्यवंशी ने 1-1 गोल किया।




दूसरा मैच हॉकी बिलासपुर विरूद्ध स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर के मध्य खेला गया। जिसमें हॉकी बिलासपुर ने एकतरफा मुकाबले में 13-0 गोल से पराजित किया। हॉकी बिलासपुर ने शुरूआती मिनट से ही गोल करने का सिलसिला आरंभ कर दिया था। हॉकी बिलासपुर की ओर से मधु सिंदार ने 4 गोल, सनम धुर्वे ने 3 गोल, दमिनी खुसरो और रिया खलखो ने 2-2 गोल तथा स्मिता कूजूर व सोनांक्षी यादव ने 1-1 गोल करते एक आसान जीत हासिल की।

अपरान्ह में खेले गए जूनियर बालिका वर्ग के पहला सेमीफाइनल मैच हॉकी बिलासपुर विरूद्ध हॉकी कबीरधाम के मध्य खेला गया। जिसमें हॉकी बिलासपुर ने एक आसान जीत हसिल करते फाइनल में अपना स्थान बनाया। हॉकी बिलासपुर की ओर से मधु ने 4 गोल, रिया, भूमिका और मिनाक्षी ने 1-1 गोल कर मैच को 7-0 गोल पराजित कर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच मेजबान राजनांदगांव विरूद्ध स्पोटर्स अकादमी रायपुर के मध्य खेला गया। जिसमें मेजबान राजनांदगांव ने एकतरफा मुकाबले में 9-0 गोल से पराजित कर फाइनल मे प्रवेश किया। मेजबान राजनांदगांव की ओर से दुबी ने 3 गोल, शिताल ने 4 गोल और वसुंधरा और सिमरण ने 1-1 गोल कर 9-0 गोल से रायपुर को पराजित करते फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

मैच के पूर्व आतिथियों ने मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच में आरके त्रिपाठी, फिरोज अंसारी, रमेश डाकलिया, ऑशा थॉमस, रणविजय प्रताप सिंह, भूषण सॉव, मृणाल चौबे, अनुराज श्रीवास्तव, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अशोक मेहरा, नीलमचंद जैन, तीरथ गोस्वामी, सचिन खोब्रगढे, शकिल अहमद, शब्बीर सोलंकी, खुशाल यादव, अमिताभ मानिकपुरी, अभिनव मिश्रा, राजेश निर्मलकर, खेमराज सिन्हा, संतोष चोकान्द्रे ,अमित माथुर कृष्णा यादव, रूपेश जायसवाल सहित खेलप्रेमी जनता उपस्थित थे।

#### आज समापन समारोह

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही अस्मिता हॉकी लीग जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 18 फरवरी से आयोजित की गई। फाइनल मैच व समापन समारोह कल 22 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे मयंक श्रीवास्तव उपनिदेशक स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा।

#### सुबह 8 बजे से दो मैच

सब जूनियर बालिका वर्ग में सुबह 8 बजे हॉकी जगदलपुर विरूद्ध हॉकी जशपुर के मध्य खेला जाएगा। दूसरा मैच सुबह 9.30 बजे हॉकी बालोद विरूद्ध हॉकी राजनांदगांव के मध्य खेला जाएगा।

